## खबर संक्षेप

### संचार संकर्म समिति की बैठक 10 सितंबर को

**कटनी।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी द्वारा संचार संकर्म समिति की समीक्षा बैठक 10 सितंबर को जिला पंचायत कटनी के सभागार में दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क), लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग एवं म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा किये गये विभिन्न निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की जायेगी। बैठक के दौरान संचार संकर्म समिति के सदस्यों के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की जानकारी के साथ उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### जिले में अब तक 996.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से रविवार 7 सितम्बर तक कुल 996.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1297.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 945.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 5.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1071 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1297.9 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 901 मिलीमीटर, बरही तहसील में 870 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 878.7 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 879 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1174.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 896.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### समूह से जुड़कर सरोज बनीं सफल उद्यमी

**कटनी।** गरीबी और सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन सेसरोज कुर्मी न केवल एक सफल उद्यमी बनीं, बल्कि अन्यअ महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन गई हैं। ज़िले के सनकुई गाँव की निवासी सरोज का परिवार सिर्फ़ 1 से 1.5 एकड़ ज़मीन पर खेती करके गुज़ारा करता था।सरोज ने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने का निश्चरय किया। उन्होंाने अपने गाँव के जागृति स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपनी आर्थिक यात्रा शुरू की। उन्होंने समूह से 50 हजार का ऋृण लिया और फिर बैंक से 1 लाख रूपये का कैश क्रेडिट लिमिट प्राप्त किया। इस पूंजी से उन्होंने एक छोटी किराना और कपड़े की दुकान खोली। अपने व्यवसाय के साथ-साथ, सरोज ने अतिरिक्त आय के लिए समूह के माध्यम से धान उपार्जन केंद्र और स्कूल में मध्याह्न भोजन का संचालन भी शुरू किया। जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई। उन्होंने अपनी ज़मीन पर वैज्ञानिक तरीक़े से खेती करना शुरू किया जिससे कृषि उपज में वृद्धि हुई।

**स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छपरा स्थित खेत में तकवारी करता था मृतक**

# खेत में तकवार की लाश मिलने से गांव में मचा हड़कंप, शरीर में चोट के निशान



**खेत मालिक से हुई थी कहा सुनी, सुबह मिली लाश!**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छपरा में रविवार को उस समय सनसनी फ़ैल गई जब खेत पर तकवारी कर रहे तकवार का शव मृत अवस्था में पड़ा मिला। मामले की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जन पहुंचें और घटना की जानकारी स्लीमनाबाद पुलिस को दी। लाश मिलने की घटना की जानकारी लगते एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी सुदेश सुमन पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचें। जहाँ शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए स्लीमनाबाद भिजवाया।

पुलिस के द्वारा घटना के संबंध में ग्रामीणों व खेत मालिक से पूछताछ की जिसमें बताया गया कि विगत तीन माह से मृतक काशीराम हल्दकार पिता श्याम लाल हल्दकार 35 वर्ष निवासी छपरा जो कि छपरा के ही मोहम्मद इसराइल खान के खेत में तकवारी का काम करता था। रोजाना की तरह शाम के समय तकवारी करने खेत गया हुआ था जहाँ खेत मालिक के बीच कहासुनी हुई थी। रविवार की सुबह मृत अवस्था में शव खेत मे बने घर में मिला।

### हत्या या आत्महत्या जाँच में जुटी पुलिस

डॉ शिवम दुबे ने बताया कि मृतक के शरीर के कुछ अंगों में चोट के निशान है एवं चोट कि वजह से रक्त भी जमा हुआ देखा गया। प्रथम दृष्टया पुलिस ने मर्ग क़ायम कर जाँच पड़ताल मै जुट गई है। पुलिस के द्वारा खेत मालिक मो. इजराईल खान से भी पूँछ-तांछ करने में जुटी हुई हैं क्योंकि ग्रामीणों ने बतलाया कि शनिवार कि शाम काम मै जाते समय दोनों के बीच कहा सुनी भी थी।

### पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद स्थिति होगी स्पष्ट : एसडीओपी

इस संबंध में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी का कहना था कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। प्रथम दृष्टया पुलिस के द्वारा मर्ग क़ायम कर जाँच शुरू कर दी गई है।



# प्रेमनगर बस्ती में 24 लाख रूपए से होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित प्रेमनगर बस्ती में निर्मित पानी की टंकी के आसपास रिक्त स्थल में कराए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशेष मौजूदगी में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से संपन्न हुआ। पेयजल आपूर्ति सुद्रण करने हेतु लगभग 24 लाख रुपए से अधिक की राशि से कराए जाने वाले बाउंड्रीवाल, सम्पवेल, पंपहाउस एवं यूरिनल आदि निर्माण कार्यों के दौरान भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पार्षद श्रीमती खुशबू अनिरुद्ध सोनी, एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद श्रीमती सीमा अरविंद श्रीवास्तव, सहित काफी संख्या में स्थानीय जनों की विशेष मौजूदगी रही।

महापौर ने कहा कि सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से प्रत्येक वर्ग का कल्याण हो रहा है। नगर विकास हेतु शासन से प्राप्त अनुदान से प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे है। वार्ड के इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से पांच वार्डों वार्ड क्रमांक 14 से 18 की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता एवं सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम के माध्यम से किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी प्रदान कर महापौर सूरी ने उपस्थित जनों से घरों एवं दुकानों से रोजाना निकलने वाले कचरे को कचरा वाहन में डालने अपील की।

**ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों की समस्याएं सुन रहे कलेक्टर**

# ग्राम अमरगढ़ में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत अमरगढ़ में गुरुवार 11 सितंबर को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।

### कलेक्टर करते हैं समीक्षा

कलेक्टर ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा आयोजन

जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत अमरगढ़ में गुरूवार 11 सितंबर को लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद गुरूवार 18 सितंबर को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत कुआं में, गुरूवार 25 सितंबर को जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत धरवारा में, गुरुवार 9 अक्टूबर को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत पिलौंजी में, गुरूवार 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत देवराकलां में, गुरुवार 23 अक्टूबर को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में और गुरुवार 30 अक्टूबर को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत किरहाई पिपरिया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसके अलावा गुरुवार 6 नवंबर को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत पिपरिया कला में, गुरुवार 13 नवंबर को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत पान उमरिया में, गुरुवार 20 नबंबर को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत भनपुरा नंबर 2 में तथा गुरुवार 27 नवंबर को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गुड़ेहा में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

### 5 बजे से होगा आयोजन

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

**आर्मी एवं पुलिस में भर्ती के लिए प्रतियोगिता का आयोजन**



ग्रामीण क्षेत्र के पढ़े लिखें होनहार युवाओं को सरकारी नौकरी मे जाने आजाद विवेकानंद युवा संगठन के द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है! ग्रामीण क्षेत्र के होनहार युवाओं के विकास हेतु आर्मी तथा पुलिस भर्ती कैंप, खेल मेलों का आयोजन तथा कैरियर मार्गदर्शन जैसे कार्यक्रम आयोजित कर रहा है जिसमें बड़ी संख्या मै बेरोजगार युवा सम्मिलित हो रहे है ओर ट्रेनिंग लें रहे है। ट्रेनिंग कैंम्प पहले रैपुरा, ख़ुडावल, बाकल ओर बहोरीबंद में आयोजित किया। आर्मी भर्ती फिजिकल तथा मेडिकल टेस्ट का प्रतियोगात्मक आयोजन 1600 मीटर दौड़, बीम, 9 फीट डिच जम्प, 800 व 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता, गोला फेंक प्रतियोगिता, तवा फेंक प्रतियोगिता,भाला फेंक प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान आर्मी से अनिल पटेल,सूर्यकांत पटेल,आनंद पटेल,राहुल यादव, रामप्रकाश पटेल, कुलदीप पटेल, गजराज पटेल, गोविंद यादव, राजेश रजक, राकेश पटेल, बृजेश गुप्ता, लक्ष्मी पटेल, गोविंद पटेल एवं इंदल पटेल उपस्थित रहे।

# बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, बारिश के मौसम में आए दिन घायल हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



उमरियापान–सिहोरा मार्ग पर आवागमन ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। पचपेढ़ी से मंगेली तक करीब 4 किलोमीटर का हिस्सा इतना जर्जर हो चुका है कि सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं।सड़क खराब होने से ग्रामीणों को आवाजाही में ज्यादा परेशानी होती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में हालात और भी बिगड़ जाते हैं। गड्ढों में पानी भरने से सड़क पर खतरा बढ़ जाता है।

दोपहिया वाहन चालक अक्सर पानी में धंसे गड्ढों को पहचान नहीं पाते और सीधे गिर जाते हैं। बारिश के मौसम में इस साल कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोग घायल भी हुए हैं। भारी वाहनों के लिए भी यह मार्ग परेशानी का सबब है। ट्रक और बसें गड्ढों से गुजरते समय झटके खाती हैं, जिससे यात्रियों को दिक्कत होती है और यात्रा का समय भी बढ़ जाता है। कई जगह सड़क किनारे फिसलन के कारण वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की मरम्मत और रखरखाव के लिए पीडब्ल्यूडी से कई बार शिकायत की गई, लेकिन इस बार विभाग की ओर से कोई कार्य नहीं कराया गया। रविवार की बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए हैं।सड़क पर गड्ढे होने से बारिश में लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी।

**लोक अदालत में छोटे छोटे प्रकरणों के निराकरण कराने दी जानकारी**

# विधिक साक्षरता शिविर में प्रावधानों सहित योजनाओं की लोगों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा




ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय मैं स्थित व्यवहार न्यायालय मैं न्यायाधीश सुश्री पूर्वी तिवारी के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को कानून के विषय में जानकारी दी गई जिसमें मजदूरी से बने कानून की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बतलाया कि बाल मजदूरी अपराध की श्रेणी में आता है कम उम्र की लड़कियों एवं लड़कों को मजदूरी न करवाए ऐसी मैं शिकायत होने पर कार्यवाही का प्रावधान है पढ़ने लिखने की उम्र में बच्चों से काम करवाना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

सभी के माता-पिता से हम कहते हैं कि अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजें और पढ़ लिखकर एक समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाऐ एवं गाड़ी वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करें गाड़ी के सभी कागज बीमा ड्राइवर लाइसेंस आदि होना अनिवार्य है नाबालिक बच्चों को गाड़ी ना दे और यातायात कि नियमों का पालन करते हुए आप लोग गाड़ी चलाएं और शराब पीकर तो बिल्कुल भी गाड़ी न चलाई है नियम के विरुद्ध एवं अपराध की श्रेणी में आता है।

आगामी 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है जो भी जमीन छोटे-मोटे विवाद बिजली बिल घरेलू विवाद एवं अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए 13 तारीख को आप लोग नेशनल लोक अदालत में आकर अपनी समस्याएं हल करवा सकते हैं एवं राजीनामा से संबंधित अपराधों में भी सुनवाई की जाएगी इसलिए आप लोग इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याओं पर निराकरण करवाने की अपील की गई है। इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ता संघ के ढीमरखेड़ा तहसील अध्यक्ष राजेश प्यासी अटल वाजपेई शक्ति सिंह एवं न्यायालय का समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

**ढीमरखेड़ा एवं उमरियापान क्षेत्र में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन**

# ग्रामीण क्षेत्रों में चल समारोह निकालकर गजानन को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में शनिवार को आनंद चौदस पर्व उत्सव के माहौल में मनाया गया। मंदिरों व घरो मैं दिनभर पूजा अर्चना का दौर चला। साथ ही हवन पूर्णाहुति, कन्या पूजन कर कन्या भोज ब्राह्मण भोज एवं नगर भोज विशाल भंडारी का आयोजन समितियों के द्वारा किया गया।जिसमे लोगो ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया भंडारी का कार्यक्रम दोपहर तक चला रहा इसके बाद देर शाम को गणेश प्रतिमाओं को लेकर चल समारोह निकाला गया। चल समारोह मे ढोल नगाड़ों एवं आतिशबाजी की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। चल समारोह ढीमरखेड़ा मुख्य मार्ग से होते नगर भ्रमण के लिए जुलूस निकाला गया प्रतिमाओं के विसर्जित होने के लिए मोरी नदी स्थल पहुँचे। जहां विधि विधान से गणपति बप्पा की पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की गई। इस दौरान अगले बरस तू जल्दी आने की गुंज के साथ शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना के बाद बप्पा को भक्तो ने विदाई दी।विदाई देते समय भक्तो की आंखे नम हो गई। ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय में प्रशासन व पुलिस की चौक-चौबंध व्यवस्था के बीच प्रथम पूज्य की विदाई हुई। मोरी नदी के घाट पर विसर्जन स्थल बनाया गया।जहाँ ग्रामीण अंचलों से भी गणपति प्रतिमाओ को लेकर विसर्जन के लिए लेकर पहुँचे। विसर्जन के लिए बनाए गए घाट पर पुलिस का बल मौजूद रहा। एवं प्रकाश की भरपूर व्यवस्था की गई थी जिसने शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमाओं का विर्सजित किया जा सके।इस दौरान ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के द्वारा पेट्रोलिंग की गई एवं बीट प्रभारियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में तैनाती की गई जिससे शांतिपूर्ण तरीके से गणेश विसर्जन के कार्यक्रम मै पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### गणपति बप्पा मोरया...

गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया, अगले बरस जल्दी आ... ऐसे ही उद्‌घोष से शनिवार देर शाम उमरियापान की सड़कें गूंजती रही। गाजे बाजे और डीजे साउंड के साथ निकाली गई भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा में युवा भक्तगण नाचते- झूमते नजर आये। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल भी लगाया। श्रद्धालु भगवान गणेश को लेकर जलाशयों पर पहुंचे, तो उनके साथ सेल्फी लेने का दौर शुरू हो गया। अगले बरसतू जल्दी आने की कामना के साथ भगवान का पूजन कर विघ्नहर्ता की मूर्ति को विसर्जित किया गया। मंदिरों और घरों सहित सार्वजनिक स्थलों पर बने गणेश पंडालों के देरशाम गणेश विसर्जन जुलूस निकलने का क्रम शुरू हुआ। उमरियापान के झंडा चौक, सन्यासी महाराज मंदिर, अथैया मंदिर, कटरा बाजार, बस स्टैंड, आजाद चौक, बड़ी माई मंदिर,कुदवारी मोहल्ला, नई बस्ती सहित अन्य प्रमुख मार्गों से होते हुए जुलुस तालाबों पर बने विसर्जन घाटों पर पहुंचे। जहा भगवान गणेश का विशेष पूजन महाआरती की गई। भगवान गणेश के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने नम आंखों से भगवान की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। पर्व के दौरान उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

**कलेक्टर ई-केवाईसी कार्य की कर रहें सतत समीक्षा**

# 11 लाख 44 हजार से अधिक नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 11 लाख 44 हजार 581 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का लगभग 79 फीसदी है।

### नगर परिषद कैमोर अव्वल

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में नगर परिषद कैमोर जिले में अव्वल है। जहां अब तक 13 हजार 337 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगर निगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 57 हजार 531 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य ही पूरा हो सका है। इसी प्रकार नगर परिषद विजयराघवगढ़ में अब तक 7 हजार 837, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 36 हजार 73 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद मे 1 लाख 87 हजार 629 और जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 69 हजार 325, जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 16 हजार 929, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में 1 लाख 63 हजार 728 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा, जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 79 हजार 636 एवं नगर परिषद बरही में 12 हजार 556 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य हो चुका है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

## खबर संक्षेप



### बका लिए खड़ा था बदमाश, पुलिस ने पकड़ा

**ढीमरखेड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोठी निवासी एक युवक को पुलिस ने बका के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रमेश पिता विश्राम बैगा 40 साल निवासी ग्राम कोठी थाना ढीमरखेड़ा के द्वारा बका लेकर घूमते पाये जाने पर ढीमरखेडा पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार बका जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई। आरोपित के विरूद्ध धारा 25 ए आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे सहायक उप निरीक्षक संतोष विश्वकर्मा आरक्षक अमित शुक्ला आरक्षक कमोद कोल की भूमिका रही।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक अदालत में समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नालसा द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं।

### अजजा वर्ग के छात्रों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**कटनी।** राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों से जनजातीय कार्य विभाग ने प्रतिभा योजना के तहत वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऐसे छात्र जिन्होंने जेईई मेन या एडवांस, नीट, क्लैट जैसी परीक्षाओं में सफल होकर आईआईटी, एम्स, एनडीए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश लिया है, वे इस योजना के लिए पात्र हैं। योजनांतर्गत जिन छात्रों के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से कम है, उन्हें 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। जबकि जिन छात्रों के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख से 10 लाख रूपये के बीच है, उन्हें 25 हजार रूपये दिए जाएंगे। इच्छुक छात्र एमपीटास पोर्टल पर पंजीयन उपरांत लॉगिन कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 सितंबर है।

### दीपावली में पटाखों की बिक्री के लिए मिलेगा अस्थायी लाइसेंस

**कटनी।** आगामी दीपावली त्यौहार पर 15 दिन की अवधि के हेतु धनतेरस से ग्यारस तक पटाखों की बिक्री हेतु अस्थायी लाइसेंस जारी किये जाएंगे जिसके लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये कहा गया है कि पटाखों की बिक्री के लिए ऐसे सुरक्षित स्थलों का चयन किया जाए, जो आबादी क्षेत्र से दूर हों। इन स्थलों का चयन संयुक्त रूप से किया जाएगा। चयनित स्थलों का सुरक्षा मानकों के आधार पर एक लेआउट (अभिविन्यास) भी तैयार किया जाय, जिसकी एक प्रति औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग को भी भेजना सुनिश्चित करें। इसके लिए आयुक्त नगर निगम सहित सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है। पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए, सभी लाइसेंस और विस्फोटक परिसर की अनुमतियां केवल एलएसडीए मॉड्यूल के माध्यम से ही ऑनलाइन जारी की जाएंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को, जारी किए गए लाइसेंस की प्रतियां जिला कार्यालय में जमा करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि उन्हें एलएसडीएम मॉड्यूल में अपलोड किया जा सके।

## हाईवे सहित मुख्य मार्गों में आवारा मवेशियों की वजह से हादसों का बढ़ रहा ग्राफ

# बड़ी समस्याः हादसे में वाहन चालक तो कभी मवेशियों की जा रही जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

कटनी से शहडोल राष्ट्रीय राज मार्ग में ग्राम पठरा और मझगवां के जंगलों के मध्य बंदरों एवं आवारा गायों का जमावड़ा देखा जा सकता है जिससे हाईवे से निकलने वाले राहगीरों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। मवेशियों के चलते राहगीरों एवं वाहन चालकों के साथ हादसे होने की संभावना बनी रहती है। जिम्मेदार विभागीय कर्मचारियों के द्वारा उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है जिससे प्रतिदिन छोटे बड़े कोई न कोई हादसे होते रहते है। कभी बाइक चालक बंदरों एवं गायों को बचाने के चक्कर में रोड में गिर रहे है या आसपास के पेड़ो से टकरा रहे है, जिससे लोगों को गंभीर चोटे भी आ रही है। बड़े वाहन जानवरों को बचाने के चक्कर में सड़क पर पलट रहे है जिससे आए दिन हादसे हो रहे है। अधिकारियो का हाईवे से आना जाना लगा रहता है लेकिन उनके द्वारा समस्या को अनदेखा किया जा रहा है। वाहनों की चपेट में आने से बंदरों एवं मवेशियों की मौतें हो रही है। इन दिनों बरसात का मौसम है और रात के समय बरसात होने पर सड़क में





स्पष्ट देख पाने में वैसे ही समस्या होती है जिससे मार्ग में बैठे काले रंग के जानवरों के मार्ग में जमावड़ा होने से हादसे होने की संभावना बढ़ जाती है एवं लगातार जानवरों को बचाने के चक्कर में हादसे हो रहे है।

सुबह से रात तक आवारा पशु सड़क पर डटे रहते है और इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में ही दुर्घटनाएं घट जाती है। सबसे ज्यादा परेशानी साप्ताहिक बाजार के दिन होती है। जब ये आवारा पशु बाजार में घुसकर अव्यवस्था उत्पन्न करते है और इन्हें भागने की कोशिश में लोग भी चोटिल हो जाते है। वहीं मवेशियों के सड़कों पर बैठने पर चालक सीधे वाहन नहीं चला पाते और कई बार मवेशियों को बचाने के चक्कर में दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते है। हालात यह है कि शाम को जब मवेशी सड़क पर बैठते हैं तो वाहनों को निकलने के लिए जगह ही नहीं मिलती। इन मवेशियों के सड़क पर बैठने के कारण वाहन चालक तो दुर्घटनाग्रस्त होते रहते है। साथ ही वाहनों की टक्कर से मवेशी भी घायल होते रहते हैं। इसके साथ ही आवारा पशु जब आपस में लड़ते हैं तो सड़क से पैदल निकल रहे लोगों सहित दो पहिया वाहन चालकों को भय बना रहता है। वही कई बार यह मवेशी सड़क किनारे खड़ी बाइक को गिरा देते, जिससे बाईक में भी टूट फूट हो जाती है। गांव में आवारा पशुओं का डेरा कभी न खत्म होने वाली समस्या बन गई है जिसे कभी भी देखा जा सकता है।



## कट्टा एवं कारतूस लेकर घूम रहे दो शातिर बदमाशों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी पुलिस ने दो शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में जिंदा कारतूस और कट्टा लेकर घूम रहे थे। पकड़े गये आरोपितों में एक जबलपुर का शातिर बदमाश है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी रीठी के नेतृत्व में गणेश विसर्जन के दिन दो बदमाशों को एक कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ किसी अपराध को घटित करने के इरादे से घूमते हुए गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि गत 6 सितंबर को मुखबिर से जानकारी मिली कि जबलपुर का कुख्यात बदमाश हरीश पेसवानी किसी गंभीर घटना को घटित करने की फिराक में अवैध कट्टा कारतूस लिए घूम रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर हरीश पेशवानी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से एक 315 बोर का देसी कट्टा एवं एक 315 बोर का जिंदा कारतूस जप्त किया गया। मामले की विवेचना के दौरान अवैध कट्टा कारतूस के स्त्रोत की जानकारी जुटाई गई। मामले में सोभित सिंह नि. हरद्वारा की संलिप्तता पाए जाने पर प्रकरण मे आरोपी हरीश पेशवानी पिता सीवन दास पेसवानी 39 वर्ष नि. रामनगर, अधारताल, जबलपुर एवं सोभित सिंह नि.हरद्वारा को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. मोहम्मद शाहिद, उनि दिनेश चौहान, उनि विनोद पटेल, सउनि पांडे, प्र आर. अजय मेहरा, प्र. आर. राम पाठक, शमशेर सिंह, आर. आशुतोष, अमन, आर. नीतेश दुबे, आर.विजय, आर. जफर, आर. ज्ञानेंद्र का विशेष योगदान रहा।

*जिले में 1.74 लाख से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बनी*

## फार्मर रजिस्ट्री बनाने के मामले में कटनी प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों के फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया संपादन के मामले में कटनी जिला प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। जिले में अब तक 1 लाख 74 हजार 997 फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जा चुका है। यह कुल लक्ष्य के विरुद्ध 99 प्रतिशत उपलब्धि है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा राजस्व अधिकारियों की बैठक में किसानों के फार्मर आई डी रजिस्ट्री मामले की निरंतर सतत समीक्षा की वजह से यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में अभियान स्वरूप में फार्मर आईडी रजिस्ट्री प्रक्रिया का कार्य संपादित किया गया।

फार्मर आई डी रजिस्ट्री बनाने के मामले में जिले की कटनी नगर तहसील अव्वल है। यहां अब तक 9 हजार 406 किसानों की फार्मर आई डी रजिस्ट्री बनाईं जा चुकी है। जबकि कटनी ग्रामीण तहसील के 10 हजार 568 किसानों की, स्लीमनाबाद तहसील के 17 हजार 132 किसानों, बहोरीबंद तहसील के 25 हजार 757 किसानों की फार्मर आई डी रजिस्ट्री बनाईं जा चुकी है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील के 29 हजार 668 किसानों की, ढीमरखेड़ा तहसील के 26 हजार 758 किसानों सहित बरही तहसील के 17 हजार 340 किसानों और रीठी तहसील के 22 हजार 456 किसानों एवं बड़वारा तहसील के 16 हजार 212 किसानों की फार्मर आई डी रजिस्ट्री बनाईं जा चुकी है। कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है।

किसानों को अब केंद्र की 6 प्रमुख योजनाओं के लिए अलग-अलग दफ्तर नहीं जाना होगा। सहायता योजना, कृषि ऋण, मुख्यमंत्री किसान स्वास्थ्य कार्ड, कृषि मृदा मशीनीकरण योजना सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही फार्मर आईडी कार्ड से मिल सकेगा। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक भविष्य में पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने किसानों की फार्मर आईडी होना अनिवार्य होगा। फार्मर रजिस्ट्री के अतर्गत प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी जनरेट कर प्रदान की जा रही है ताकि कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके और हितग्राहीमूलक योजनाओं हेतु लक्ष्य निर्धारण एवं कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

## जैन मंदिर में 108 कलशों से भगवान का हुआ अभिषेक



सिलौंडी के श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में साल में एक बार होने वाली 108 कलश से भगवान का अभिषेक हुआ । साथ ही विश्व कल्याण के लिए शांतिधारा भी हुई । जिसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में सिलौंडी के प्रवासी जैन बंधु जो की अब जबलपुर सहित अन्य नगर में निवासरत है वह सभी अपने परिवार सहित पहुंचे। सुबह 10 बजे श्री तारण तरण जैन चैत्याल्य में मंदिर विधी आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।

## आश्रम की बहनों ने शिक्षकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राज्योग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में लगभग 40 शिक्षकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माउंट आबू से आए वरिष्ठ शिक्षक बीके भोलानाथ भाई , कन्या महाविद्यालय प्राचार्य चित्रा प्रभात, केडीसी डायरेक्टर पारस जैन, केसीएस स्कूल की .पूर्व प्राचार्या सुश्री राजेंदर कौर लाम्बा, साधुराम के पूर्व प्राचार्य के पी तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ ।आश्रम की बहनों द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान तिलक पुष्प शाल और ईश्वरीय सौगात भेंटकर कर किया गया । भोलानाथ भाई ने उद्बोधन देते हुए कहा कि आप बचपन से सुनते आ रहे हैं विद्या ददाति विनयं इसका अर्थ होता है कि



विद्या विनय देता है नम्रता सीखता है यदि किसी के जीवन में नम्रता नहीं आया तो उसका विद्वान होने का कोई मतलब नही ।

केडीसी डायरेक्टर पारस जैन ने कहा कि शिक्षक हमारे मन को आकार देते हैं, बल्कि यह हमारे जीवन के मार्गदर्शक "प्रकाश" का उत्सव भी है। एक मार्गदर्शक ऐसा भी है जो अक्सर अनदेखा रह जाता है वो हैं हमारे परम .शिक्षक परमात्मा यानि ईश्वर जो हमारी जीवन यात्रा के हर कदम पर हमारे साथ रहते हैं। सुश्री राजेंदर कौर लांबा ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने कर्म यात्रा का शुभारंभ एक शिक्षक के रूप में किया धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए देश का सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर पहुंचे और प्रत्येक शिक्षक का मस्तिष्क गर्व से ऊंचा उठ गया कि शिक्षक पहुंचे राष्ट्रपति पद पर । चित्रा प्रभात, प्रकाश भोमिया, सरमन तिवारी सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किया ।

*सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन द्वारा की गई थी पुख्ता व्यवस्थाएं*

## पूजन के उपरांत गणेश प्रतिमाओं का महानदी के हिनौता घाट में हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व का अनंत चतुर्दशी को गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समापन हो गया। शनिवार को प्रातः से ही घरों एवं गणेश समितियां द्वारा विसर्जन की तैयारी आरंभ हो चुकी थी वही मध्यान उपरांत 4:00 बजे से क्षेत्र भर की गणेश प्रतिमा महानदी के विसर्जन स्थल पर पहुंचने लगी थी जिसे श्रद्धालु भक्त अंतिम आरती उपरांत प्रतिमाओं का विसर्जन किए

सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रतिमा विसर्जन स्थल में घाट पर पानी अधिक होने के कारण अनुविभागीय अधिकारी विवेक गुप्ता के निर्देशन में हाइड्रा वाहन की भी व्यवस्था की गई थी जिसमें स्थानीय प्रशासन के कर्मचारियों



द्वारा प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया विसर्जन स्तर पर कृत्रिम कुंड की भी व्यवस्था की गई थी जहां एसडीओपी वीरेंद्र धार्वे के निर्देशन थाना प्रभारी रितेश शर्मा की उपस्थिति में पुलिस बल एवं नगर परिषद कर्मचारियों के सहयोग से सुरक्षा का ध्यान रखते हुए छोटी बड़ी प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया प्रतिभाओं को विसर्जित करने आए श्रद्धालु भक्तों को घाट से दूर रखा गया था विद्युत व्यवस्था हेतु विद्युत प्रभारी के निर्देशन में विद्युत कर्मचारी की उपस्थिति रहे ताकि प्रतिमा विसर्जन में प्रकाश की कमी ना हो सके नगर से लेकर विसर्जन स्थल तक पुलिस बल की सुरक्षा व्यवस्था सराहनीय रही

महानदी के हिनौता घाट में विसर्जन स्थल पर क्षेत्र के सिंनगोड़ी बरहटा रोहनिया कैमोर नन्हवारा एवं विजयराघवगढ़ सहित सैकड़ो प्रतिमाओ का विसर्जन हुआ जिनके पूजन अर्चन के लिए नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी दुबे द्वारा संकट मोचन चौक मैं मंच पर एकत्र समस्त जनप्रतिनिधि नागरिकों के साथ प्रतिमाओं का पूजन अर्चन कर श्रीफल भेंट किया गया।

विभिन्न ग्रामों एवं नगर की प्रतिभाओं की आकर्षक झांकी सजाकर ढोल धमाके बैंड बाजो की तर्ज में नृत्य करते हुए समिति के सदस्यो द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से महानदी के हिनौता घाट में प्रतिमा विसर्जन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे उपाध्यक्ष हरि ओम बर्मन मौजूद रहे।

### विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार अभियान

## सरकारी विद्यालयों के 789 छात्रों का हुआ आधार अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार'अभियान चलाकर जिले के स्कूलों के विद्यार्थियों के आधार कार्ड तैयार करने के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अब तक 789 विद्यार्थियों के आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है। कलेक्टर के निर्देश पर कटनी जिले के सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जा रहे हैं । इस अभियान का नाम है 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के साथ समन्वय किया है। शासन के नियमों के अनुसार यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। पहला एमबीयू 5 से 7 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क रखा गया है। विद्यार्थी के उम्र 7 वर्ष की आयु से अधिक होने के बाद शुल्क लागू होगा। दूसरा एमबीयू तब आवश्यक है जब विद्यार्थी 15 वर्ष का हो जाएगा। तीसरा एमबीयू 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क है, लेकिन 17 वर्ष की आयु के बाद शुल्क लागू होगा।

कलेक्टर ने बताया कि, "विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में आधार शिविर, न केवल छात्रों को अपना अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करवाने में सुविधा प्रदान करेंगे, बल्कि यदि आवश्यक हो तो आधार में नाम सुधार आपार आईडी बनाने के लिए और मोबाइल नंबर अपडेट के लिए भी उन्हें सुविधा प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि, अपडेटेड बायोमेट्रिक्स वाला आधार कार्ड, स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षा, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं जैसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसीलिए समयबद्ध तरीके से विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत आपार आईडी बनाने का भी लक्ष्य रख रही है। आपार आईडी विद्यार्थियों को उनके सभी शैक्षणिक क्रेडिट, जैसे स्कोर कार्ड, मार्कशीट, ग्रेड शीट, डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और सह-पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों को डिजिटल रूप से संग्रहित, प्रबंधित और एक्सेस करने में मदद करती है। यह आईडी शिक्षा जगत में छात्र के लिए एक स्थायी डिजिटल पहचान के रूप में कार्य करती है। आपार आईडी के लिए एक महत्वपूर्ण बात यह है कि स्कूलों द्वारा आपार आईडी बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले UDISE+ पोर्टल में दर्ज छात्र का नाम, आधार कार्ड में दर्ज नाम से मेल खाना चाहिए।

जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी ने बताया कि स्कूलों में लग रहे आधार अपडेट शिविर के माध्यम से अब तक जिले के 789 विद्यार्थियों का आधार अपडेट किया जा चुका है। इसमें विकासखंड कटनी के 295 विद्यार्थी, विकासखंड रीठी के 242 छात्र, विकासखंड विजयराघवगढ़ के 116 छात्रों के, विकासखंड ढीमरखेड़ा के 79 छात्रों तथा विकासखंड बडवारा के 57 छात्रों के आधार अपडेट किये जा चुके हैं।

## हादसे में गम्भीर घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचायें और 25 हजार रूपए तक पाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सड़क दुर्घटना में पीड़ित घायल व्यक्ति के सही समय पर अस्पताल न पहुंचने के कारण घायल व्यक्ति की मृत्यु तक हो जाती है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने मे आम नागरिकों को यह भय रहता है कि वे भी पुलिस कार्यवाही के भागी बन जायेंगे अर्थात घायल को अस्पताल पहुंचाने की मदद करने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा पुछताछ की जायेंगी, जिस कारण से आम नागरिक चाहते हुए भी पुलिस कार्यवाही के भय से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में ले जाने से कतराते है, किन्तु ऐसा नही है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से राहवीर योजना लागू की गई है, ताकि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सके। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को राहवीर की परिभाषा मे शामिल किया गया है। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। इस योजना से सड़क दुर्घटना मे गम्भीर घायल व्यक्ति का त्वरित उपचार संभव हो सकेगा और 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के कारण नवयुवा एवं आम आदमी पीड़ित की मदद के लिये तत्पर रहेंगे। जिससे सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति की जान भी बचेगी और सड़क दुर्घटना मे होने वाली मृत्युदर में कमी लाने में मदद मिलेगी।

कटनी जिले के युवाओं एवं आम जन से अपील की गई है कि सड़क दुर्घटना में कोई घायल मिले को उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने का काम करें। इस पुण्य कार्य से घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। सफर के दौरान सड़क दुर्घटना में कोई व्यक्ति घायल पड़ा हो तो उसकी अनदेखी न करें और अमानवीय बनकर उसे असहाय मरने के लिए ना छोड़े, बल्कि संवेदनशील होकर मानवीयता के नाते घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाने का प्रयास करें। आपकी एक छोटी सी मदद किसी की जान बचा सकती है। प्रदेश सरकार ऐसे मददगार व्यक्ति को राहवीर योजना में 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उसे प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित भी करेगी।

# देर रात्रि तक हुआ गणेश विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

शनिवार के दिन गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े तालाब पर उत्साह पूर्वक पूर्ण विधि विधान के साथ किया गया। नगर में उत्साह उमंग के साथ लोग ढोल नगाड़ों एवं डीजे की धुनों पर भारी आतिशबाजी करते हुए नाचते गाते गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने प्रतिमा विसर्जन स्थल पर पहुंचे। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने नारियल फूल मिठाई पंजीरी ककड़ी आदि चढ़कर गणेश भगवान को बिदाई दी। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर एवं ए एस आई जागेश्वर साहू पुलिस बल के साथ विसर्जन स्थल पर मौजूद रहे। विसर्जन करने के लिए पुरुषों के अलावा महिलाएं युवतियां भी अपने घरों में रखी गणेश प्रतिमाओं के साथ तालाब पर पहुंची सुबह सार्वजनिक पंडालों में हवन पूजन के बाद कन्या भोजन और भंडारा का कार्यक्रम किया गया जहां पर सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडालों से गणेश प्रतिमाएं सजाकर भव्य शोभा यात्रा निकली गई, जिसका जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

कुछ श्रद्धालु गणपति की छोटी गणेश प्रतिमा को गोद में लेकर विसर्जन के लिए चल रहे थे बच्चे अपने हाथों में मूर्तियां लेकर गणपति बप्पा के नारे लगा रहे थे बप्पा की सवारी के साथ चल रहे भक्तों ने गुलाल एक दूसरे के ऊपर उड़ाया। नगर की समस्त गणेश प्रतिमाएं एक-एक करके राजगढ़ी परिसर में बने बड़े तालाब पर पहुंची जहां पर पूर्ण विधि विधान महा आरती के साथ उनका नगर पालिका के द्वारा तैनात कर्मियों ने विसर्जन किया। विसर्जन का सिलसिला 4 बजे से देर रात्रि तक चलता रहा।

उक्त अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह, थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर,नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह,आर आई धनीराम तेकाम , भरत सिंह ठाकुर, पटवारी संदीप गोस्वामी,गोविंद सेन,प्रेम सिंह, सद्दू बाल्मीक, सीताराम श्रीवास्तव सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## भक्तिभाव से किया विसर्जन



**तेजगढ़।** तेजगढ़ और आसपास के गांव के श्रद्धालुओं ने रिद्धि सिद्धि के दाता मां गौरी के पुत्र भगवान श्री गणेश जी को दस दिन तक पूजन अर्चन करने के विसर्जन 6 दिसंबर 2025 को ग्राम वासियों ने कीर्तन भजन ढोल नगाड़े डीजे की गूंज के साथ हर्ष उल्लास से किया। श्री भगवान जी, श्री गणेश जी को सुंदर झांकियां के बीच ग्राम पतलोनी की मां चँडी टोरिया प्रांगण में एक साथ विराजमान किए जिनके दर्शन करने के लिए ग्राम से लेकर आनेको जगह के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंच कर भगवान श्री गणेश जी के दर्शन कर प्रसाद पाया। ग्राम के युवको ने अखाड़ा खेल कर लाठी, चक्र घुमा कर, दाव पेंच दिखाए। शाम को विधि विधान से पूजा अर्चना कर गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के नारे लगाकर कर विसर्जन किए।

# योग को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प



**दमोह।** तीन दिवसीय प्रवास पर पहुंचे, पतंजलि योग समिति के प्रांत प्रभारी श्री भगत सिंह योगाचार्य जिन्होंने प्रथम दिन पथरिया तहसील की कार्यकर्ता बैठक श्री गायत्री माता मंदिर में की एवं निःशुल्क योग कक्षाओं का निरीक्षण किया, द्वितीय दिन ब्लॉक दमोह में पतंजलि योग समिति के द्वारा संचालित नियमित योग कक्षा बेलाताल टापू हनुमान मंदिर पर परम पूज्य योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के संकल्प के अनुसार इंटिग्रेडिड योग का विधि विधान से योगाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से स्वस्थ्य, दीर्घायु, आनंद का जीवन आएगा. उन्होंने आर्युवेद, परम्परागत चिकित्सा, स्वदेशी जैविक उत्पाद भारतीय शिक्षा, बोर्ड से जुड़कर आत्म निर्भर, भारत, स्वस्थ्य भारत समृद्ध भारत बनेगा। द्वितीय सत्र में नियमित योग कक्षा और योग साधकों की बैठक ली गई। उन्होंने सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर लगाकर योग शिक्षक बनाने का लक्ष्य लिया। पथरिया तहसील में 20 सितम्बर से 25 दिवसीय योग शिविर प्रारम्भ किया जायेगा। बैठक के बाद आजीवन सदस्यों का सम्मान भगत सिंह के द्वारा किया गया, उसके बाद वृद्ध आश्रम अपना घर दमोह में माता-पिता समान बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया एवं योग, प्राणायाम, आयुर्वेद अपना कर निरोगी जीवन जीने के लिए प्रेरित किया, आजीवन सदस्य डॉ वीना विनय सिंह यदु बहिन जी के घर पहुंच कर उनसे आशीर्वाद लिया एवं योग को जन-जन तक पहुंचाने में किस तरह से कार्य किया जाए इस पर चर्चा हुई, प्रांत प्रभारी भगत सिंह के द्वारा माननीय धर्मेंद्र सिंह लोधी, संस्कृति मंत्री, मध्य प्रदेश शासन से मुलाकात कर उनका सम्मान किया गया, योग आयुर्वेद को जनजन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई एवं माननीय मंत्री जी के पिता श्री भाव सिंह लोधी जी से विभिन्न विषयों जैसे प्राचीन विद्या योग, प्राणायाम एवं आयुर्वेद पर विस्तार से चर्चा हुई, उक्त प्रवास कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति सागर के कोषाध्यक्ष श्री जगदीश विश्वकर्मा, पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य पंडित कृष्ण कुमार परोहा, आजीवन सदस्य डॉक्टर कार्तिक केदारनाथ शर्मा, श्री सोनी जी योग प्रशिक्षक योग वाटिका सर्किट हाउस, बेलाताल टापू स्थाई योग कक्षा बेलाताल टापू मंदिर के योग साधक पंडित विनोद दुबे कोषाध्यक्ष भारत स्वाभिमान, पंडित महेश पाठक वरिष्ठ योगाचार्य , एच आर राय योग योग प्रशिक्षक एसपीएम नगर,डॉ रशीद खान पूर्व भारत स्वाभिमान प्रभारी, सुरेश कुमार रैकवार जिला प्रभारी किसान संगठन, गंगाराम पटेल, राम जी सोनी जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान, श्री विश्वनाथ धुर्बे, श्रीमती सरस्वती धुर्वे, डॉ मनीषा सिंघई, श्रीमती लीला सोनी, दीपक सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला योग समिति,श्री अतुल सिंघई जिला संस्कृत प्रभारी आदि योग साधक भाई बहनों की उपस्थिति रही।

# श्रद्धालुओं ने तर्पण कर पूर्वजों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



रविवार से पितृपक्ष की शुरुआत के साथ ही श्रद्धालुओं का आस्था के प्रति सैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्र की प्रमुख नदियों एवं तीर्थ स्थलों पर बड़ी संख्या में लोग तर्पण करने पहुंचे। स्नान, पूजा एवं तर्पण के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपने पितरों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। रविवार को पितृपक्ष के पहले दिन चंद्रग्रहण का सूतक होने के कारण 12.57 बजे के पहले तक लोगों ने तर्पण कार्य किया प्राचीन परंपराओं का निर्वहन करते हुए लोगों ने ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा दी और पवित्र मंत्रोच्चार के साथ जलांजलि अर्पित की। तड़के से ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई शनिवार को गणेश विसर्जन के चलते नगर की गौरैया नदी में घाटों पर साफ सफाई नहीं हुई थी हालांकि लोगों का यह भी कहना था कि शनिवार देर रात्रि तक गणेश विसर्जन चला है इसलिए रविवार को साफ सफाई शाम तक हो जाएगी पंडितों के अनुसार, पितृपक्ष में तर्पण करने से पितृगण तृप्त होते हैं और परिवार पर आशीर्वाद बना रहता है। यह काल आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित करने का विशेष अवसर होता है, जिसमें लोग अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पितृपक्ष 15 दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न तिथियों पर अलग-अलग पितरों के लिए तर्पण किया जाता है। इस अवसर पर लोगों ने पूर्वजों की स्मृति में व्रत, कथा, हवन और भंडारे का भी आयोजन किया।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**दमोह।** कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से गणेशपुरम हटा नाका ईमलाई फैक्ट्री के पास में आयोजन 07 सितंबर से 14 सितंबर तक श्रीमद् भागवत महा पुराण पितृपक्ष में जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। किशोरी जी ने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियो को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। किशोरी जी ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। मुख्य यजमान श्रीमति गौरा बाई गोविंद प्रसाद सोनी ,हरिओम सोनी गणेश पुरम इमलाई फैक्टरी हटा नाका के पास में एवं समस्त सोनी परिवार ने कथा श्रवण करने की अपील की है।

# पतंजलि प्रदेश प्रभारी ने ली कार्यकर्ता बैठक



**पथरिया।** पतंजलि के पांचो संगठन की कार्यकर्ता बैठक प्रदेश प्रभारी ₹भगत सिंह जी के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ पर संपन्न हुई, भारत को स्वस्थ बनाने हेतु सभी गांव, सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में निशुल्क योग कक्षा लगाने एवं गांव-गांव वार्ड-वार्ड में नियमित निःशुल्क योग कक्षाएं संचालित करने एवं सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर लगाने हेतु जिला एवं तहसील पदाधिकारियों, योग शिक्षकों को अवश्य दिशा निर्देश दिए,बैठक में जिला पदाधिकारी जेपी विश्वकर्मा, सुरेश रैकवार, गंगाराम पटेल, गोविंद सिंह ठाकुर,तहसील के पांचो संगठन के प्रभारियों सुदेश चौरसिया, जितेंद्र दुबे,नरेश राठौर,विजय तिवारी, बालकृष्ण ताम्रकार, योग शिक्षकों में राजीव लोचन स्थापक, रमाशंकर पौराणिक, गायत्री परिवार के परिजन हरलाल चौरसिया,के सी गुप्ता, तुलसीराम पटेल, राजेंद्र खरे, अमित पाठक, कोमल पटेल, विशेष गणमान्यजनों में द्वारका करकरे, रामनाथ तिवारी, राजवीर सिंह ठाकुर, रामकृष्ण पाराशर, राजकुमार सिंह, अमित पाठक, अभिषेक ताम्रकार, सुनील कुर्मी,दिलीप पटेल, शिवकुमार पटेल, लकी रैकवार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली



**तेंदूखेड़ा।** पर्यूषण पर्व के समापन पर नगर की सकल जैन समाज ने सुबह से भगवान श्रीजी का पूजन अभिषेक व शांतिधारा की गई। इसके बाद दोपहर डेढ बजे से मुनी प्रयोग सागर के ससंघ सानिध्य में भगवान श्रीजी का विमान सजाकर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बसंत जी महाराज एवं तारणतरण जैन समाज भी था शोभा यात्रा भगवान पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा में बैंड गाजे बाजे डीजे के साथ युवा, बर्जुग एवं महिलाए भगवान के जयकारे लगाकर चल रहे थे। जगह जगह प्रत्येक जैन समाज के घरो के सामने भगवान श्रीजी का विमान रोककर आरती उतारी गई एवं श्रीफल भेंट किए गए। शोभा यात्रा मुख्य मार्ग से होकर भगवान शांतिनाथ जी के मंदिर पहुंची जहां पर विधिविधान से पूजन के बाद नगर के मुख्य मार्गो से होकर शोभा यात्रा पुनः भगवान पारसनाथ जी के मंदिर पहुंची जहां भगवान का अभिषेक पूजन के उपरान्त शोभा यात्रा का समापन हुआ। इसके अलावा संध्याकाल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

# समनापुर में धूमधाम से निकली जिनवाणी शोभायात्रा



**समनापुर/तारादेही।** पर्वाधिराज पर्यूषण के समापन के अवसर पर ग्राम समनापुर में सोलहवीं शताब्दी के महान संत तारण तरण मंडाचार्य महाराज द्वारा विचरित 14 ग्रन्थ को पालकी में सवार करके ग्राम के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय समनापुर में सुबह से मंदिरविधि का आयोजन किया गया उसके पश्चात बीते दिन हुई बुराइयों एक दूसरे से हाथ जोड़कर क्षमा मांगी। दोपहर में जिनवाणी बिराजमान करके मंदिर से प्रारंभ होकर राम मंदिर एवं कृष्ण मंदिर पहुंची जहा स्वागत किया गया बस स्टैंड होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में तेंदूखेड़ा बालिका मंडल, महिला मंडल डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए नजर आए एवं जिनवाणी जगह जगह आरती उतारी गई तथा स्वागत किया गया। समापन के अवसर पर समाज की ओर से पात्रभावना एवं सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतुल जैन ने बताया कि क्षमावाणी के पावन अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 15 युवाओं ने रक्तदान का पुण्य कार्य किया है जिससे हम जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है इस कार्य की सभी ने अनुमोदना की है।

# धान की खेती के संबंध में दी गई जानकारियां

**दमोह ।** डॉ रेड्डीज फाउंडेशन और सवाना सीड्स के तत्वाधान में ग्राम हरदुआ सड़क में कृषक बैठक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में किसान भाइयों को धान की खेती में DSR तकनीकी, मिट्टी परीक्षण का महत्व, रोग प्रबंधन, कीट प्रबंधन एवं खरपतवार प्रबंधन के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को बताया गया कि किसान भाई धान की सीधी बुवाई के माध्यम से खेती करके कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। किसानों को सवा-134 फुलपेज प्लाट का भ्रमण भी कराया गया।बैठक में डॉ रेड्डीज फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित किसान बन्धु मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों ने जंगल में बना लिया खेल मैदान, सुबह-शाम पहुंच रहे खेलने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर के खिलाड़ियों के लिए खेलने के लिए जगह खेल मैदान या स्टेडियम नहीं है जिस कारण खिलाड़ी जंगल में मैदान बनाकर खेलने मजबूर हैं चाहे फुटबॉल हो, क्रिकेट हो, हाकी हो, कबड्डी सहित अन्य खेल खेलने के लिए एक मैदान की जरूरत होती पर नगर में कहीं भी खेलने के लिए मैदान नहीं है जिसके कारण खिलाड़ी अब नगर से 2 किलोमीटर दूर जंगल के ही मैदान पर खेलने के लिए सुबह शाम जाते हैं ज्ञात हो कि नगर में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से 14 साल पहले स्टेडियम बनाया गया लेकिन यह स्टेडियम कमीशन की भेंट चढ़ गया जिसको लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रीमियो में आक्रोश है।

## समतल तक नहीं है स्टेडियम की जमीन

सबसे बड़ी हैरानी की बात है कि स्टेडियम की जगह तक समतल नही थी ऐसी जगह खिलाड़ी कैसे खेल पाते जिस कारण स्टेडियम में एक बार भी खिलाड़ी कोई भी खेल नहीं खेल पाए । और शासन की लाखों रुपए की राशि बेकार चली गई है स्टेडियम के घटिया निर्माण का मामला मामला पूर्व में तत्कालीन विधायक द्वारा विधानसभा मे भी उठाया था लेकिन स्टेडियम का सुधार आज तक नही हुआ ।

## स्टेडियम के आसपास से होता है मुरम का व्यापार

यह स्टेडियम खनन माफियाओं के लिए वरदान साबित हो गया क्योंकि इस स्टेडियम में चारों ओर माफियाओं द्वारा खनन कर मुरम का धडल्ले से नगर सहित आसपास बेचकर इसका व्यापार हो रहा है इतना ही नहीं स्टेडियम के चारों ओर लोगों ने वाहनों के आने जाने का रास्ता बना लिया है जहां से ट्रैक्टर ट्राली सहित अन्य वाहन भी गजरते है और मुरम खुदाई करके नगर में बेचने का व्यापार करते हैं इस स्टेडियम में चारों ओर बाउंड्री वाल भी बनने का प्रावधान था लेकिन ठेकेदार द्वारा बाउंड्री भी पूरी नहीं बनाई गई इसके बाद भी संबंधित उपयंत्री ने इस स्टेडियम की संपूर्ण राशि का भुगतान संबधित ठेकेदार को कर दिया खेल विभाग के अधिकारियों ने बिना देखे ही अधूरे स्टेडियम को अपने हैंडओवर कर लिया था । गौर करने वाली बात यह है कि वर्ष 2011में मुख्यमंत्री के एक कार्यक्रम में नगर मै आए थे इस दौरान नगर नगर परिषद अध्यक्ष एवं नगरवासियों ने खेल मैदान की मांग उनके सामने रखी थी जिस पर मुख्यमंत्री ने नगर में खेल मैदान बनाने के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की थी पीडब्ल्यूडी की पीआईयू एजेंसी के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 9 भटरिया मोहल्ला में इस खेल मैदान का निर्माण कार्य कराया गया लेकिन स्टेडियम निर्माण की जमीन पर समतलीकरण तक नही हुआ था जिसके कारण संपूर्ण मैदान उबड़खाबड़ बना है आज जिस जगह स्टेडियम बना है उसके हाल बेहाल हैं मैदान में चारों ओर पत्थर हैं कई जगह गड्ढे है स्टेडियम के भवन के दरवाजे लोग उखाडकर ले गए बिजली की फिटिंग नहीं है खिड़कियां टुटी हूई है खिड़की के कांच तोड़ दिए गए भवन के अंदर गंदगी फैली हुई है।

स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों मै गुड्डन सोनी, शाहिद अली ,सलीम खान ,नीरज नामदेव, देवेंद्र सोनी ,दिनेश ठाकुर ,आशीष रैकवार, रितिक यादव ,अमन यादव, ऋतिक ठाकुर भानु राय, गोविंद केवट, मोहित खरे, रसबेंद्र यादव, अमन यादव, लल्ला यादव, का आरोप है कि इस स्टेडियम के निर्माण में पारदर्शिता नहीं थी। निर्माण के बाद आज तक न तो कोई देखरेख हुई, न किसी अधिकारी ने इसकी सुध ली।

## खिलाड़ियों सहित क्षेत्रवासियों की मांग

खिलाड़ियों सहित क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि शीघ्र ही नगर को एक व्यवस्थित स्टेडियम दिया जाए ताकि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार सके एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सके यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो खिलाड़ी और स्थानीय लोग आंदोलन करने को भी बाध्य होंगे।

# वाणी में क्षमा तभी आ सकती है जब भीतर क्षमा हो- विशुद्ध सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



विरागोंदय तीर्थक्षेत्र धर्मधाम में पटटाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी मुनिराज ने क्षमावाणी के दिन धर्मसभा को संबोधित करते हुए किसी जीव में कषाय नहीं होती लेकिन खटास आ जाने के कारण विचारो में मतभेद आ जाने के कारण परिणामो में विशुद्धी आ जाती है इसीलिए जीव को मरने से पहले परिणाम साफ कर लेना चाहिए, जीव तक परोक्ष प्रमाण में दृष्टि नहीं जावेगी तब तक धर्म नहीं कर सकते। पटटाचार्य श्री ने कहा कि वाणी में क्षमा तभी आ सकती है जब भीतर क्षमा हो उसके लिए प्रतिक्रमण कर रहा था जब हम प्रवृत्ति में होते हैं तो हमारे मन, वचन, काय की चेष्टा से निश्चित रुप से किसी न किसी को कष्ट होता है। इसलिए उनसे हम उस कष्ट के प्रति क्षमा याचना करते हैं। तस्य मिच्छा में दुक्कड़म इसका अर्थ है कि मेरा दुष्कृत्य मिथ्या हो। इस प्रकार स्वयं की आलोचना करने से हमारे अपराध, दोष दूर हो जाते हैं। सभी सुखी रहें, सभी निरोग रहें, सभी जीवों का कल्याण हो, एक दूसरे से क्षमा मांगकर मन की कलुप्ता को दूर किया जा सकता है। मुनिश्री ने प्रवचनों में आगे बताया खम्मामि सव्व जीवाणं सव्वे जीवा खमंतु मे मैत्री मे सव्व भूदेसु वैरं मज्झं ण कोणवि इसका अर्थ है संसार के सभी जीवों को मैं क्षमा करता हूं। जगत का प्रत्येक प्राणी मुझे क्षमा करें। सभी जीवों के प्रति मेरा मैत्री भाव है। किसी के प्रति भी बैर भाव नहीं है। समस्त प्राणियों के प्रति मैत्री की भावना रखने से इसे मैत्री दिवस भी कहा जाता है। मैत्री भाव जगत में मेरा संग जीवों से नित्य रहे। पूज्य श्री ने कहा अहंकार और अज्ञानता के वश हम अपराध पर अपराध करते चले जाते हैं। किए गए इन अपराधों की शुद्धि क्षमा है।

विरोगोदय तीर्थ क्षेत्र धर्मधाम में रविवार को क्षमावाणी महापर्व भक्तिपूर्वक माहौल में मनाया गया। सुबह में नित्य अभिषेक व पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद दोपहर में परंपरागत रूप से समस्त श्री जी का भव्य अभिषेक,पूजन, महामंगल आरती, वृहद शांतिधारा, जन्म समय की आरती, स्वयंभू स्तोत्र, जयमाला, पार्श्वनाथ पूजन, क्षमावाणी पूजन बड़े ही श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें शांतिधारा पूजन करने का सौभाग्य भैया जी, मीना दीदी जी को प्राप्त हुआ। मीडिया प्रभारी अजय सराफ ने बताया कि क्षमावाणी महापर्व अहंकार को दूरकर क्षमा धारण करने का महापर्व है। जैन धर्म में भाद्रपद शुक्ल पंचमी से भाद्रपद शुक्ल चौदस तक 10 दिनों तक आत्म कल्याण के लिए दशलक्षण धर्म मनाया जाता है। पर्युषण पर्व के अंतिम दिन क्षमावाणी महापर्व के रूप में मनाया जाता है। क्षमावाणी पर्व राग-द्वेष एवं अहंकार से भरी गठरी को दूर करने का मौका देता है। मौके पर सभी साधर्मी जाने-अंजाने में हुई भूल या गलती के लिए एक दूसरे से क्षमा मांगते हैं। कार्यक्रम की समाप्ति पर साधर्मी वात्सल्य की व्यवस्था मंदिर परिसर में हुआ। जिसे सभी भक्तों ने प्रसाद स्वरूप आनंदपूर्वक ग्रहण किए। कार्यक्रम में सुंदरलाल विश्वकर्मा नपा अध्यक्ष पथरिया, कपिल दुबे, योगेश चौधरी संजय कुबेर, संजल रोहित बांसा सुनील सराफ, गोलू बड़कुल, सतीश मेडिकल आदि लोग उपस्थित थें।

# बकैनी में आज से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**दमोह।** जिले के ग्राम बकैनी में वासुदेव खरे एवं समस्त परिवार के द्वारा पितृरो के निमित्त में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज 8 सितम्बर को कलश यात्रा से प्रारंभ किया जा रहा हैं। जिसमें कथावाचक पं रामस्वरूप शास्त्री वृंदावन धाम के मुखारबिंद से कथा का श्रवण भक्तजनो को करायेंगें। इस श्रीमद् भागवतकथा में सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया हैं।

### जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

# सीएम ने प्रदेश की गली-गली में अवैध शराब की दुकानें खोल दी : जीतू पटवारी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मानक पटेल की स्वागत रैली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का जैसे ही सागर नाका आगमन हुआ उनका स्वागत जिले के समस्त ब्लॉको से आये कांग्रेस पदाधिकारियो कांग्रेस कार्यकर्ताओ किसानो एवं महिलाओ द्वारा जोशोखरोस से किया गया। विशाल रैली का स्वागत नगर के अनेक स्थानो पर स्थानीय नागरिको द्वारा किया गया। घंटाघर से पैदल मार्च करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सभा स्थल पहुंचे सभा को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा के ठगो ने कई प्रदेशो में विधायको को खरीद फरोख्त करते हुए सत्ता हाथिया ली। भाजपा नेताओ के दिमाग में पीछे की अकल है। जब कोविड विदेशो में आया तो इन्होनें तत्परता नहीं दिखाई कोविड के समय इन्होनें तालिया बजवाई थालिया बजवाई यह है इनका चेहरा। जब तब इस देश में राजीव जी कम्प्यूटर क्रांति लाए तो यह लोग संसद तक बैलगाड़ी से गए और कहा कि युवाओ का यह मोबाइल लेपटाप नकारा बना देगा किंतु आज हर हाथ में मोबाइल है। नरेन्द्र मोदी ने नोटबंदी की और देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई। नरेन्द्र मोदी की अक्ल ने देश को 20 साल पीछे ढकेल दिया। हर जगह देश में चाईना के माल का बहिष्कार हो रहा है लेकिन मोदी जी उनके गले लग रहे है।

राहुल गांधी जो बात कहते है वह बात बीजेपी और नरेन्द्र मोदी को माननी पड़ती है। जातिगत जनगणना पर राहुल गांधी की बहुत आलोचना की लेकिन उसके बाद आज जातिगत जनगणना देश में होने वाली है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से देश में नीतिगत विकास करना चाहती है।

किसानो को खाद् बीज समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही और जो स्मार्ट मीटर बिजली विभाग द्वारा लगाए गए है वह भारी भरकम बिल दे रहे है। श्री पटवारी ने कहा कि उज्जैन में सीएम की विसक्षेत्र में किसान अधिकार के लिये 25 हजार किसानों के साथ हल्ला बोलेंगे।

### ओबीसी आरक्षण की लेट लतीफी में भाजपा दोषी

श्री पटवारी ने कहा कि कमलनाथ सरकार आई तो ओबीसी आरक्षण लाये लेकिन सरकार बदली तो भाजपा ने रोड़ा डाल दिया। सर्वदलीय बैठक में जब हमने पूछा कि पांच साल आपने ओबीसी आरक्षण नहीं आने दिया नुकसान जनता का हुआ तो जवाब नहीं दिया। पांच साल आरक्षण लागू नहीं किया इसकी दोषी बीजेपी है। ओबीसी वर्ग भाजपा को इसका जवाब जरूर देगा।

### वोट चोरी से आप सबके वोट के अधिकार का हनन हुआ

श्री पटवारी ने कहा कि ठगो ने देश पर कब्जा कर लिया। तभी से लोकतंत्र की हत्या शुरू हुई। पहले पांच राज्यों की सरकार गिराई गई। एक राज्य ऐसा था जहां एक भी सीट बीजेपी की नहीं थी एक माह बाद वहां सारी सीटे बीजेपी की हो गई और सीएम भी उनका बन गया। इसके बाद आई धोखा पद्धति जिसमें पैसे देकर खरीद फरीख्त हुई। इसके बाद आई रिसोर्ट पॉलिटिक्स जिसमें विधायकों को ले जाकर होटल में सरकार गिराने की साजिश रची गई। इसके बाद अब आया वोट चोरी। आप सब का वोट का अधिकार अब भाजपा सरकार के पास चला गया है। बाबा साहेब ने गरीब से लेकर अमीर तक सबको वोट का अधिकार दिया लेकिन आज उसकी कीमत खत्म हो गई क्योंकि चोरी होने लगी। राहुल गांधी ने पूरे देश की जनता के सामने चुनाव आयोग और भाजपा से वोट चोरी के आंकड़ो पर जवाब मांगा लेकिन आज तक कोई सही उत्तर नहीं मिला। जब चुनाव आयोग पर सवाल उठने लगे तो भाजपा के मंत्री, प्रवक्ता उसका उत्तर देने लगे। हर स्तर पर आज मीडिया को कमजोर किया जा रहा है। नरेन्द्र मोदी ने जब 400 पार का आंकड़ा दिया तो राहुल गांधी एक लाल किताब लेकर देश के सामने आये और नरेन्द्र मोदी की सरकार बैशाखी पर आ गई। अब नया कानून ला रहे है जिसमें सांसद 30 दिन से अधिक जेल में रहे उसकी सदस्याता समाप्त करेंगे ताकि दबाव की राजनीति की जा सके। दमोह में आज जो विधायक है वह भी वोट चोरी करके बने है।

प्रदेश में गली गली शराब बिकती है या नहीं। श्री पटवारी प्रदेश के मुख्यमंत्री को चैलेंज करते हुये कहा कि मेरा और सीएम दोनो को टेस्ट करा लेते है जिसमें शराब के टेस्ट पॉजिटिव आये वह अपनी विस सदस्यता से इस्तीफा देगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि वह जिले में कांग्रेस पार्टी को जिले में जीवंत एवं सशक्त बनाये वह कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओ की हक की लड़ाई हर वक्त लडेगें।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री मुकेश नायक, लखन घनघोरिया, हर्ष यादव, राजा पटेरिया, पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह, तरवर सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, परम यादव, प्रदीप पटेल, ज्योति पटेल, तिलक सींग, मंजू वीरेन्द्र राय, रजनी ठाकुर, तान्या सालोमन, लक्ष्मण सींग, प्रदीप खटीक, राशु चौहान, सुषमा विक्रम सींग, निधि श्रीवास्तव, बसंत कुशवाहा, आशुतोष शर्मा, वीरेन्द्र राजपूत, राजा राय, समीम कुरैशी, लाखन सिंह, मंजीत यादव, दिनेश रैकवार, अरविंद अवस्थी, शुभम तिवारी, अजय जाटव, शानू जुनेजा, गोपाल रैकवार, गीता लोधी, कमला निषाद नगर के पार्षद राजा रौतेला, अमर सिंह, मिक्की चंदेल, अफजल खान, रफीक खान, जीशान पठान, गोपाल मास्टर, पप्पू कसोटया, हेमराज, मुकेश रोहितास, राजू बगीरा ने भी सभा में अनुशासन बनाएं रखा।

इस अवसर पर हटा से घनश्याम यादव, शैलेन्द्र खटीक, खूबचंद तंतुवाय, पटेरा से नवाब सिंह सोलंकी, नंदे चौरसिया, प्रवीण तिवारी, नितिन ताम्रकार, हनी ताम्रकार, सुमि चौरसिया, राजकुमार शुक्ला, डॉ लीलाधर, तेन्दुखेडा से रघुनाथ यादव, तुलाराम यादव जबेरा से गोविंद तिवारी, हरिराम ठाकुर, पथरिया से प्रदीप पटेल, पुरूषोत्तम अहिरवार राजापटना से अमर सिंह, सहित हजारो कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहीं।

### पर्यूषण पर्व का हुआ समापन

# श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पर्यूषण पर्व के समापन पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज के पुरुष महिलाएं एवं बच्चे सम्मिलित रहे इसमें विशेष रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय टंडन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई कुंडलपुर कमेटी के अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई आदि की विशेष उपस्थिति रही। शोभायात्रा दिगंबर जैन विमान कमेटी के निर्देशन में प्रातः 11:00 बजे सिटीनल से प्रारंभ होकर दमोह के हृदय स्थल घंटाघर से होती हुई नसिया मंदिर जैन हाई स्कूल पहुंची जहां पर श्री जी का अभिषेक शांति धारा आरती संपन्न हुई प्रथम शांति धारा लेने का सौभाग्य अभय वनगांव परिवार एवं दीपचंद जैन को प्राप्त हुआ फूलमाल पदमचंद हल्दी तथा ज्ञानमल महेश दिगंबर को प्राप्त हुई पालकी जी की आरती करने का सौभाग्य नसिया मंदिर महिला मंडल को प्राप्त हुआ इस मौके पर संगीत के साथ एसजेएम के द्वारा पालकी में विराजमान शास्त्रों की आरती गाई गई एवं अर्ग समर्पित किया गया इस मौके पर कमेटी के द्वारा बाहर से पधारे प्रवचनकार विद्वानों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया पर्यूषण पर्व के दौरान 10 उपवास करने वाले तपस्वियों का भी सम्मान किया गया कक्षा 10वीं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों का भी कमेटी एवं जैन पंचायत में सम्मान किया प्रशासनिक पदों पर चयनित होने वाले समाज के विशिष्ट व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया नगर की पाठशाला में बच्चों को शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों एवं शिक्षकानों का भी सम्मान किया गया कमेटी के द्वारा समाज की विभिन्न संस्थाओं के मुख्य पदाधिकारी का भी सम्मान किया गया शोभायात्रा में दिव्य घोष बजाने वाले युवा सदस्यों का भी सम्मान किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील वेजीटेरियन नवीन निराला एवं पंडित अभिषेक जैन ने किया आभार प्रदर्शन विमान कमेटी के अध्यक्ष महेश दिगंबर ने किया।

## धूमधाम से निकला श्री जी का विमान



**गैसाबाद**। सकल जैन समाज के दस लक्ष्य कार्यक्रम के समापन अवसर पर आज श्री बड़े जैन मंदिर से श्रीजी का विमान निकला गया जो बस स्टैंड से होते हुए हाई स्कूल के पास श्री प्रेमचंद जैन जी के निवास स्थान पर पहुंचा जहां पर समाज द्वारा उत्तम क्षमा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जैन समाज की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम बड़े सेठ कमलेश चंदू जैन, समाज के कोषाध्यक्ष विजय जैन बजाज, प्रेमचंद जैन, जैन समाज के अध्यक्ष प्रमोद गुड्डु जैन, संजय जैन होटल वाले बबलू जैन श्रेयांश जैन निलेश जैन सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही इस पावन पर्व पर जैन समाज द्वारा ग्राम के प्रतिष्ठित लोगों का गमछा से सम्मान किया गया।

## तारादेही में निकाली श्रीजी की शोभायात्रा




**तारादेही**। ग्राम तारादेही में गाजे बाजो के साथ भव्य श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ जैन मंदिर से हुआ। साथ ही भगवान शांतिनाथ के मंदिर में शोभा यात्रा पहुंची जहा पर भगवान श्री जी के पूजन के बाद ग्राम भ्रमण कर जगह जगह भगवान की आरती उतारी गई। पहले ही ग्राम की सकल जैन समाज के लोगो ने अपने अपने घरो के सामने सुंदर रंगगोली भी सजाई गई थी इसके बाद शोभा यात्रा निकाली

## पितृपक्ष मे पूर्वजों को तर्पण करने से पूर्वज देते सुख शांति- राहुल शास्त्री

**दमोह**। नगर के पुरैना तालाब पर जल तर्पण करने आए लोग जिसमें पं.राहुल शास्त्री ने बताया कि पितृपक्ष मे पूर्वजों को तर्पण करने से पूर्वज देते सुख शांति समृद्धि एवं उन्होंने कहा कि पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने, व उनकी आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए मनाया जाता है, जिसमें तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान जैसे अनुष्ठान किए जाते हैं. यह 16 दिन की एक धार्मिक अवधि है, जो दिनांक 7 सितंबर से 21 सितंबर तक चलेंगे जिसमे पितरों को जल, भोजन आदि अर्पित कर उनके आशीर्वाद की कामना की जाती है, जिससे पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और वंश को सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

## नरसिंहगढ़ में विमान जुलूस निकाला



**दमोह**। नरसिंहगढ़ में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा दशलक्षण पर्युषण पर्व के समापन के अवसर पर भव्य विमान जुलूस का आयोजन किया गया। यह जुलूस जैन मंदिर से प्रारंभ होकर केले वाली माता बस स्टैंड, कृष्ण मंदिर और ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः जैन मंदिर में समापन हुआ। जुलूस के दौरान मार्ग के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जहां-जहां से जुलूस गुजरा, वहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर की आरती की और जैन समाज के बंधुओं का भव्य स्वागत किया। जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार जैन ने बताया कि पूरे समाज ने मिलकर दशलक्षण पर्युषण पर्व को धूमधाम से मनाया। समापन अवसर पर यह विमान जुलूस बेहद आकर्षक और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य धर्मेंद्र जैन, विपिन जैन, अभय जैन, एस के जैन, एम के जैन, प्रदीप जैन, आशीष जैन, राजेश जैन, खुशाल जैन, खूबचंद जैन, अमित जैन, आदर्श जैन, तरुण जैन, अतिशय जैन, आयुष जैन, आदेश जैन सहित समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे। यह भव्य आयोजन सामाजिक सौहार्द्र और धार्मिक आस्था का प्रतीक बनकर उभरा।

## गाजे बाजे से निकाली शोभायात्रा



**सिंग्रामपुर**। दशलक्षण महापर्व के समापन पर नगर में श्री जी की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई कार्यक्रम में सुबह मंदिर जी में अभिषेक शांतिधारा, विधान किया गया दोपहर में श्रीजी शोभायात्रा बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ की गई डीजे की धुन्न पर श्रद्धालुओं ने डांस किया जैन समुदाय के बच्चों द्वारा घर घर रंगोली सजाई गई जूलूस मुख्य बाजार नया मंदिर होते हुए वापिस बड़ा मंदिर मे जुलूस का समापन किया गया मंदिर जी में श्रीजी का अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य ग्राम वासियों को मिला शाम को भव्य आरती प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए समाज के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी नहीं लगा कोई सुराग, पिकनिक मनाने गए दो नाबालिग सुनार नदी में डूबे

# नरसिंहगढ़ में सुनार में डूबे दो किशोर की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के देहात थाना की नरसिंहगढ़ चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुनार नदी में रविवार की दोपहर पिकनिक मनाने गए दो नाबालिक पानी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गए। जैसे ही उनके साथियों ने दोनों को पानी में डूबता देखा उनके परिजनों को सूचना दी। इसके बाद नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस को भी सूचित किया गया। परिजन, पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन बच्चों का कोई सुराग नहीं लगा। दमोह से एसडीआरएफ की टीम भी नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन करती रही, लेकिन पानी में बहाव होने के चलते कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पथरिया एसडीएम भी मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ले रहे हैं। जानकारी देते हुए दमोह के बजरिया वार्ड एक कसाई मंडी निवासी आबिद कुरैशी बताया की 16 वर्षीय निसार पिता मुन्ना कुरैशी और 17 वर्षीय माजिद पिता आजाद कुरैशी रविवार की दोपहर अपने अन्य दो साथियों के साथ नरसिंहगढ़ की सुनार नदी में नहाने के लिए आए थे। पानी में नहाते समय निसार और माजीद पानी में डूब गए। तब उनके साथियों ने घर पर सूचना दी वह परिवार के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन दोनों बच्चों का कोई सुराग नहीं लगा। नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल को भी सूचना दी गई इसके बाद पुलिस ने आसपास खोजबीन की लेकिन नाबालिकों का कोई भी सुराग न लगने पर दमोह एसडीआरएफ को सूचित किया गया। दमोह से पहुंची एसडीआरएफ टीम के द्वारा नदी में नाव चला कर दोनों बच्चों की खोज की गई, लेकिन शाम होने तक बच्चों का कोई सुराग नहीं लगा। दरअसल नदी के पानी में काफी अधिक तेज बहाव है इसके चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में भी परेशानी जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार जिस स्थान पर यह बच्चे डूबे हैं वहां काफी गहराई है और पानी का बहाव भी काफी अधिक है इसलिए यह दोनों नाबालिक गहरे पानी में चले गए हैं। पुलिस और एसडीआरएफ के द्वारा बच्चों की खोज की जा रही है लेकिन 2 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। हालांकि एसडीआरएफ के द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार चलाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पथरिया एसडीएम निकत चौरसिया भी नरसिंहगढ़ पहुंचे और दोनों बच्चों के परिजनों से जानकारी ली। एसडीआरएफ टीम प्रभारी प्राची दुबे ने बताया की जवानों के द्वारा नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। नदी में बहाव काफी अधिक है और नदी की लंबाई भी बहुत है उनके द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है कि बच्चों को खोज लिया जाए।

## अहंकार और अज्ञानता के दूसरों के प्रति दुर्व्यवहार करते है- निशा दीदी

### नगर में निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा



**हटा**। मानव अहंकार एवं अज्ञानता के कारण दूसरो के प्रति दुर्व्यवहार करता है, एक अपराध पर अपराध करता है और उसे अपने अपराध का बोध नहीं होता है। जैन धर्म पर पर्वराज पर्यूषण पर्व क्षमा धर्म से प्रारंभ होता है और क्षमा वाणी से समाप्त होता है। क्षमा धर्म का पालन करने से सम्मान बढता है न कि घटता है। इसी क्षमा भाव के कारण जैन धर्म को आदर्श माना गया है। यह बात आज बड़ा बाजार जैन बेदी पर ब्रह्मचारिणी निशा दीदी ने पर्व के समापन अवसर पर अपने मंगल प्रवचन में कही उन्होने जैन धर्म के दशलक्षण पर्व के दसों पर्व की व्याख्या करते हुए इस पर्व को आत्मषुद्धि , कायोत्सर्ग का पर्व बताया है। पर्वराज पर्यूषण पर्व के समापन पर श्रीजी को पालकी में विराजमान कर नगर में गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्रीश्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से त्रिमूर्ति मंदिर होते हुए को-ऑपरेटिव बैंक चौराहा , मुख्य मार्ग से रतन बजरिया से बड़कुल जैन मंदिर पहुंची जहां ध्वजारोहण व प्रभु दर्शन के बाद पुनः मुख्य मार्ग से होकर नावघाट महावीर दिगंबर जैन मंदिर होते हुए बड़ा बाजार स्थित जैन वेदी प्रांगण पहुंची। जहां पर विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। समाज के युवा संदीप जैन ने बताया शोभायात्रा मार्ग में जगह - जगह रंगोली सजाकर भक्त श्रद्धालुओं ने श्रीजी की आरती वंदना की गई। शोभायात्रा में जहां पालकी में श्रीजी विराजमान थे वहीं बैंड बाजों की मधुर ध्वनि गुंजायमान करते हुए आगे चल रहे थे। श्री आचार्य ज्ञान सागर बाल संस्कार पाठशाला के नन्हे बालक ,बालिकाएं शिक्षिकाएं जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में सुशोभित। हो रही थी। बालिकाएं भजन मंडली , महिला मंडल की महिलाएं धार्मिक भजन की प्रस्तुति करते हुए चल रही थी । इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों की मौजूदगी रही।